झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

4 Sep 2023

Follow us on

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam



**RN Sir**
(Physical Trainer)

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 4 सितंबर का इतिहास

- **1665 :** मुगलों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जय सिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
- **1888 :** महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की।
- **1946 :** भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।
- **2009 :** गुजरात उच्च न्यायालय ने असवंत सिंह की मुहम्मद अली जिन्ना पर लिखी गई किताब पर गुजरात में लगे प्रतिबंध को हटाया।
- **1781 :** स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गई।

## 4 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में तेजी से लाने के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नीति आयोग और यूएनडीपी इंडिया ने एक समझोता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीकरण, आंकड़ा संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना हैं। साझेदारी एसडीजी के स्थानीयकरण की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ये वैश्विक उद्देश्य भारत की स्थानीय विकास योजनाओं और रणनीतियों में प्रभावी ढंग से एकीकृत हैं।
- एसीएमई समूह एक प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ने ओडिशा के गोपालपुर औद्योगिक पार्क के भीतर एक विस्तृत हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया परियोजना स्थापित करने के लिए टाटा स्टील स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। यह उद्यम भारत में अपनी तरह की सबसे बड़ी सुविधा बनने की और अग्रसर है।
- जम्मू जश्मीर के भद्रवाह राजमा और रामबन सुलाई शहद को जीआई टैग मिला हैं। इन उत्पादों की जीआई टैगिंग प्राप्त करने की प्रक्रिया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जम्मू द्वारा शुरू की गई थी। भद्रवाह राजमा की खेती मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर में की जाती हैं। इसे कश्मीरी राजमा के नाम से भी जाना जाता हैं।
- चोकुवा चावल, जिसे असम का जादुई चावल कहा जाता है, ने प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेत टैग प्राप्त किया हैं। यह मान्यता चावल के असाधारण गुणों ओर ऐतिहासिक विरासत को उजागर करती है, जिससे यह क्षेत्र का पाक रत्न बन जाता हैं। जादुई चावल शक्तिशाली अहोम राजवंश के सैनिकों का मुख्य भोजन रहा हैं। इस अनोखे और स्वास्थ्यवर्धक चावल की खेती ब्रह्मपुत्र क्षेत्र के आसपास की जाती हैं।
- नीति आयोग और यूएनडीपी ने सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एसडीजी स्थानीयकरण, डेटा संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एनएसकेएफडीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एकओयू का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को बढ़ाना हैं। वितीय वर्ष 2023-2024 और 2024-2025 के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य मैनुअल स्कैवेंजर्स, कचरा बीनने वालों और उनके आश्रितों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को बढ़ाना भी हैं।
- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की शुरूआत की। विभिन्न जनजातियों के बीच अधिकतम समझ के लिए, सभी संचार सामग्री और मॉडयूल का विभिन्न क्षेत्रों की स्थानीय बोलियों में अनुवाद किया जाएगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और जनजातीय मामलों के मंत्रालय एससीडी उन्मूलन मिशन के लिए जागरूकता सृजन पहल शुरू करने के लिए सहयोग कर रहे हैं। राज्य, जिला एवं ग्राम स्तर पर त्रिस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किये जा रहे हैं।
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने विद्यालयी बच्चों में देशभक्ति को बढ़ावा देने और मौलिक मूल्यों को सिखाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया हैं। जिसमें कक्षा 7 की अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में एकनया अध्याय शामिल किया गया है। हमारे बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि शीर्षक वाला यह अध्याय राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और भारत के इतिहास में इसके गहरे महत्व के इर्द-गिर्द घूमता है।
- भारत का पहला एआई स्कूल केरल की राजधानी तिरूवनंतपुरम में लॉन्च किया गया। स्कूल, शांतिगिरी विद्याभवन, सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता हैं। यह परीक्षा के लिए संसाधन, मार्गदर्शन और तैयारी प्रदान करता हैं। एआई स्कूल आईलर्निंग इंजन यूएसए और वैदिक ईस्कूल के बीच साझेदारी का परिणाम हैं।
- युद्धपोत महेंद्रगिरि को लॉन्च किया गया। इसे मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाया जा रहा हैं। महेंद्रगिरि तकनीकी रूप से उन्नत युद्धपोत हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. हाल ही में मिस वर्ल्ड 2023 आयोजन की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) पेरिस (B) सिंगापुर

(C) कश्मीर (D) नई दिल्ली

**(C)** मिस वर्ल्ड 2023 का आयोजन कश्मीर में होगा। मिस वर्ल्ड की सीईओ जूलिया एरिक मोरेली ने घोषणा की कि दिसंबर में कश्मीर मिस वर्ल्ड के 71वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 71वें मिस वर्ल्ड 2023 प्रेस कॉन्फ्रेंस भारत के कश्मीर में आयोजित की गई। मोरेली ने यह भी कहा कि मिस वर्ल्ड क्रू के नवंबर में कश्मीर पहुंचने की संभावना है।



**2. सरकार ने मनरेगा के लिए अनिवार्य आधार-आधारित मजदूरी भुगतान की समय सीमा कब तक बढ़ा दी है ?**

(A) 2 अक्टूबर 2023 (B) 30 नवंबर 2023

(C) 31 दिसंबर 2023 (D) 31 जनवरी 2024

**(C)** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना अभी भी आधार-आधारित मजदूरी भुगतान के लिए तैयार नही हैं। सरकार ने मनरेगा योजना के लिए अनिवार्य आधार-आधारित मजदूरी भुगतान को वर्ष के अंत तक बढ़ाने का निर्णय लिया हैं। यह पांचवी बार है जब मनरेगा के लिए आधार-आधारित मजदूरी भुगतान की तारीख बढ़ाई गई है।




**3. हाल ही में ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी अक्टूबर 2023 कौनसा देश करेगा ?**

(A) भारत (B) श्रीलंका

(C) फ्रांस (D) जापान

**(A)** पहली बार ग्लोबल इंडिया एआई 2023 शिखर सम्मेलन की मेजबानी इलेक्ट्रॉनिक्स ओर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 14 और 15 अक्टूबर को की जाएगी। इस योजना में दुनिया भर से आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस प्लेयर्स, शोधकर्ता, स्टार्टअप और निवेशक भाग लेंगे। ग्लोबल इंडियाएआई 2023 शिखर सम्मेलन स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देगा ओर एआई तैनात सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा।




**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की है ?**

(A) हरियाणा (B) तेलंगाना

(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

**(D)** कर्नाटक सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की हैं। इस योजना के तहत लगभग 1.1 करोड़ महिलाओं, जो अपने परिवार की मुखिया हैं, को 2,000 रूपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। गृह लक्ष्मी योजना लैंगिक समानता सुनिश्चित करेगी ओर कर्नाटक राज्य की महिलाओं को सशक्त बनाएगी।



**5. हाल ही में गुजरात सरकार ने स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव रखा ?**

(A) 15% (B) 25%

(C) 27% (D) 30%

**(C)** गुजरात सरकार ने पंचायतों, नगर पालिकाओं ओर नागरिक निगमों जैसे स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए 27% आरक्षण देने का फैसला किया हैं। पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण मौजूदा 10% से बढ़ाकर 27% कर दिया गया हैं। यह घोषणा गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रूशिकेश पटेल ने की हैं। आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए पैसा अधिसूचित क्षेत्रों में ओबीसी के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत रहेगा।

Contact : 8084818282, 9113365645



**6. हाल ही में बढ़ते वायु प्रदूषण से दक्षिण एशियाई देशों में जीवन प्रत्याशा कितने साल से अधिक कम हो सकती है ?**

(A) 5 साल (B) 7 साल

(C) 10 साल (D) 15 साल

**(A)** शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने अपनी नवीनतम वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि बढ़ते प्रदूषण से दक्षिण एशियाई देशों के प्रति व्यक्ति जीवन प्रत्याशा में 5 साल से अधिक की कमी हो सकती हैं। वैश्विक स्तर पर प्रदूषण के कारण नष्ट होने वाले कुल जीवन वर्षों में से आधे से अधिक दक्षिण एशियाई देशों से हैं जिनमें बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान शामिल हैं।



**7. हाल ही में विश्व में जीवित परजीवी कृमि का पहला मामला कहां पाया गया है ?**

(A) भारत (B) बांग्लादेश

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंग्लैंड

**(C)** हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में एक महिला के मस्तिष्क के अंदर एक जीवित कीड़ा पाया गया है, जिसे देख डॉक्टरों के भी होश उड़ गए हैं। यह इस तरह का पहला मामला बताया जा रहा हैं। इस मामले को लेकर डॉक्टर्स भी हैरानी में हैं।



**8. हाल ही में एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में कौनसा पदक जीता है ?**

(A) रजत पदक (B) कांस्य पदक

(C) स्वर्ण पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में पुरूष एकल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। प्रणॉय को डेनमार्क के कोपन हेगन में हुए सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए। टूर्नामेंट में उनकी उल्लेखनीय यात्रा ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनके कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।




**9. हाल ही में शेल इंडिया ने किसे नए कंट्री चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया है ?**

(A) मानसी मदन त्रिपाठी (B) नीलकंठ मिश्रा

(C) डॉ. सोनाली घोष (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र से प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री रखने वाली मानसी मदन त्रिपाठी को शेल इंडिया के नए देश के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 1 अक्टूबर 2023 से अपनी नई भूमिका में शामिल होगी। शेल इंडिया, शेल ग्लोबल का एक हिस्सा है, जो एक ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय तेल और गैस कंपनी है जिसका मुख्यालय लंदन में है।



**10. हाल ही में किस राज्य सरकार ने जर्मनी के पेशेवर संघ फुटबॉल लीग के साथ समझौता किया है ?**

(A) राजस्थान (B) हरियाणा

(C) महाराष्ट्र (D) केरल

**(C)** महाराष्ट्र सरकार ने जर्मनी के पेशेवर संघ फुटबॉल लीग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। महराष्ट्र में फुटबॉल का दर्जा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने प्रसिद्ध जर्मनी पेशेवर फुटबॉल लीग, बुंदेसलीगा के साथ एक समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया हैं।

Contact : 8084818282, 9113365645